BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

अब जॉर्ज हिचकोक मेमोरियल एनडोमेंट फंड के लिए आवेदन खुल गए हैं

फायर सर्विसिज में कैरियर बनाने के इच्छुक ब्रैम्पटन के निवासियों को अप्लाई करने की सलाह दी जाती है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (1 मार्च, 2023) – क्या आप फायर सर्विस में कैरियर बनाना चाहते हैं? ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Brampton Fire and Emergency Services) का जॉर्ज हिचकोक मेमोरियल एनडोमेंट फंड (George Hitchcock Memorial Endowment Fund) अब आवेदन स्वीकार कर रहा है।

यह फंड, स्वर्गीय डिवीजनल चीफ जॉर्ज हिचकोक (George Hitchcock) के सम्मान में तैयार किया गया था, जिन्होंने फायर सर्विस में अपना कैरियर बनाने वाले बहुत-से लोगों का मार्गदर्शन किया और उन्हें प्रोत्साहित किया।

फायर सर्विस में कैरियर बनाने वाले व्यक्तियों के लिए, पोस्ट-सेकंडरी ट्यूशन फीस के लिए 1,000 डॉलर की बर्सरी (Bursary) उपलब्ध है। आवेदकों के लिए आवश्यक है कि वे फायर-संबंधी प्रोग्राम में ओनटैरियो पोस्ट-सेकंडरी स्कूल (Ontario Post-Secondary School) डिप्लोमा कर रहा हो।

प्रक्रिया

आवेदन फॉर्म ऑनलाइन, www.bramptonfire.com पर उपलब्ध हैं और ये firelife@brampton.ca पर भेजे जाने आवश्यक हैं। आवेदन की अवधि 14 अप्रैल, 2023 को या 30 आवेदक मिलने पर खत्म होगी।

चुने गए उम्मीदवारों का इंटरव्यू लिया जाएगा और एक आवेदक को 1,000 डॉलर तक के मूल्य की बर्सरी के लिए चुना जाएगा, जिसका भुगतान सीधा कोर्स में दाखिले के लिए किया जाएगा। सफल आवेदक के लिए, ओनटैरियो पोस्ट-सेकंडरी स्कूल प्रोग्राम हेतु स्वीकृति का प्रमाण प्रदान करना आवश्यक है।

हवाले:

"हर वर्ष सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, फायर सर्विसिज में कैरियर बनाने वाले विद्यार्थियों की हिमायत करती है। हम एक स्वस्थ, सुरक्षित और सहयोगात्मक शहर हैं और हमारी ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी टीम सर्वश्रेष्ठ है। मैं, अपने कैरियर को आगे बढ़ाने वाले किसी भी व्यक्ति को सलाह देता हूं कि जॉर्ज हिचकोक बर्सरी के लिए आवेदन करे और उन असाधारण व्यक्तियों के ग्रुप से जुड़ने में पहला कदम उठाएं, जो हर रोज हमारी कम्युनिटी की रक्षा के लिए काम करते हैं।"

- *पैट्रिक ब्राउन* (Patrick Brown), *मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हमारी कम्युनिटी में बहुत-से समर्पित और योग्य व्यक्ति हैं। यह एक तरीका है, जिससे हम फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स का असाधारण नेटवर्क बना रहे हैं और सभी के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित कम्युनिटी तैयार कर रहे हैं। जब आप अपने कैरियर की शुरूआत कर रहे होते हैं, तो इस तरह के अवसर दरवाजे खोलते हैं और रुकावटें दूर करते हैं। कृपया आवेदन करने के बारे में सोचें, जब आप अपने भविष्य की योजना बना रहे हों।”

- *चीफ बिल बोइस* (Chief Bill Boyes), *चीफ, ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज की शानदार टीम, कम्युनिटी को सेवा प्रदान करते हुए शिक्षा और वृद्धि के लिए अवसर पेश कर रही है। जॉर्ज हिचकोक मेमोरियल एनडोमेंट फंड, फायर सर्विस में उभरते लीडरों के लिए एक वार्षिक प्रोग्राम है। यह एनडोमेंट फंड एक तरीका है, जिससे सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का उद्देश्य उनकी सहायता करना है, जिनके अंदर इस उद्देश्य-संचालित काम के प्रति जुनून है।”

- *मार्लोन कैलीडीन* (Marlon Kallideen), *चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca